राजस्थान पत्रिका . उदयपुर, शनिवार, 28 सितम्बर, 2019

आहड़ सभ्यता का अवलोकन

ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान के विद्यार्थियों को आहड़ सभ्यता का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने राजकीय आहड़ संग्रहालय का भ्रमण भी किया। संस्थान के 30 विद्यार्थियों का दल सचिव मनीष कुमार के नेतृत्व में पहुंचा। विद्यार्थियों ने आहड़कालीन बर्तन, चित्र और अन्य वस्तुओं की जानकारी ली। प्रभारी डॉ. कविता, डॉ. कंचन परिहार के साथ पवन कुमार वैष्णव, ईश्वलाल सालवी मौजूद थे।

city भास्कर
उदयपुर, शनिवार 28 सितंबर, 2019

एजुकेशन/बिजनेस प्लस

आहड़ सभ्यता से वाकिफ हुए छात्र

उदयपुर | विश्व पर्यटन दिवस पर शुक्रवार को ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान के छात्रों को राजकीय आहड़ संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। संग्रहालय में छात्रों ने 4000 हजार वर्ष पूर्व की प्राचीन आहड़ कालीन सभ्यता के अवशेष देखे। संग्रहालय में प्रदर्शनी दीर्घा, चित्र दीर्घा, पुरातत्व दीर्घा, मूर्तिकला दीर्घा, अस्त्र-शस्त्र दीर्घा के अन्तर्गत भगवान विष्णु का कच्छप अवतार, मत्स्य अवतार, सूर्य प्रतिमा, विष्णु प्रतिमा, सूर-सुन्दरी, गीत-गोविन्द, राग सारंग, रागमाला, रागदरबारी, आधारित प्राचीन चित्रकला, कटार, ढाल, लोहे तथा हाथी दांत से बने अंकुश, बरछी, चुग्गा, जिरह बख्तर आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

उदयपुर, शनिवार, 28 सितम्बर 2019

दैनिक नवज्योति

विद्यार्थियों ने किया आहड़ सभ्यता का अवलोकन

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर। विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजूकेशन के छात्र-छात्राओं को आहड़ सभ्यता का अवलोकन करवाया गया। पुरातात्विक स्थल आहड़ के भ्रमण के लिए संस्थान के 30 से अधिक छात्र-छात्राओं का दल मनीष कुमार के नेतृत्व में, राजकीय आहड़ संग्रहालय पहुंचा। यहां विद्यार्थियों ने 4000 हजार वर्ष पूर्व की प्राचीन आहड़कालीन सभ्यता के अवशेषों को देखा। इस दौरान विद्यार्थियों ने आहड़कालीन बर्तन, चित्र तथा अन्य वस्तुओं से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान संग्रहालय के कर्मचारियों ने किया।